Prepp
Your Personal Exams Guide

Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

2. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

OMR Sheet No. : ....
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No. ____________________
(In words)

J 0 9 1 5

Time : 1¼ hours]

PAPER - II
EDUCATION

[Maximum Marks : 100

Number of Pages in this Booklet : **24**

Number of Questions in this Booklet : **50**

Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.

   Example : ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   उदाहरण : ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

EDUCATION

PAPER - II

Note : This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

1. The idea that teacher should teach and even use only those words and sentences which can be empirically verified to be true or false is mooted by which of the following philosophy ?

   (1) Logical analysis (2) Logical empiricism

   (3) Logical positivism (4) Positive relativism

2. Which one of the following thinkers is not related to the movement of logical analysis, logical positivism and logical empiricism ?

   (1) Henry Bergson (2) Bertrand Russel (3) A.J. Ayer (4) L. Wittgenstein

3. Monitorial system of class administration was practised by :

   (1) Buddhist Education (2) Vedantic Education

   (3) Islamic Education (4) Vedic Education

4. A teacher applies his/her understanding of philosophy to solve the problem of truancy among students. This may be called his/her :

   (1) Philosophy of Education (2) Philosophy in Education

   (3) Philosophy for Education (4) Philosophy and Education

5. 'No ifs and buts' but categorical and imperative form of truth should be the guiding principle of life for students - has been the dictum of :

   (1) Kant (2) Hume (3) Hegel (4) Moore

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

शिक्षा

प्रश्नपत्र – II

निर्देश : इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित में से किस दर्शनशास्त्र द्वारा इस विचार को अग्रसर किया गया है कि शिक्षक केवल उन्हीं शब्दों और वाक्यों को पढ़ाए और प्रयोग करे जिन्हें प्रयोग के आधार पर सत्य या असत्य सिद्ध किया जा सके ?

(1) तर्कसंगत विश्लेषण (2) तर्कसंगत अनुभववाद

(3) तर्कसंगत प्रत्यक्षवाद (4) तर्कसंगत सापेक्षवाद

2. निम्नलिखित में से किस विचारक का संबंध तर्कसंगत विश्लेषण, तार्किक प्रत्यक्षवाद और तर्कसंगत अनुभववाद के आंदोलन से नहीं है ?

(1) हेनरी बर्गसों (2) बर्ट्रेन्ड रसेल (3) ए.जे. एय्यर (4) एल. विटगेन्स्टाइन

3. कक्षा प्रशासन की मॉनीटर – प्रणाली किस शिक्षा द्वारा कार्यान्वित किया गया था ?

(1) बौद्ध शिक्षा द्वारा (2) वेदांती शिक्षा द्वारा

(3) इस्लामी शिक्षा द्वारा (4) वैदिक शिक्षा द्वारा

4. छात्रों में भगोड़ेपन की समस्या के समाधान के लिए शिक्षक अपनी दार्शनिक समझ का उपयोग करता है। इसे कहा जा सकता है उसका/उसकी :

(1) शिक्षा का दर्शन (2) शिक्षा में दर्शन

(3) शिक्षा के लिए दर्शन (4) शिक्षा और दर्शन

5. 'बिना किसी किंतु–परंतु' के सत्य का निरुपाधिक रूप ही छात्रों का निर्देशक सिद्धांत होना चाहिए – यह कथन है :

(1) कांट का (2) ह्यूम का (3) हेगल का (4) मूर का

6. Teacher with pragmatic orientation will hesitate to rely on the :

(1) Voice of inner soul
(2) Routine practice
(3) Felt needs
(4) End results

7. Which of the following will not be in conformity with the tenets of realistic School of Education ?

(1) Traits are inherited by the child
(2) Learning is a behavioural event
(3) Teacher's support is helpful in Learner's growth
(4) Learner has to be left on his/her own fate

8. In the following list of existentialist thinkers, the idea of god was accepted by whom ?

(1) Kierkgaard
(2) Sartre
(3) Karl Jaspers
(4) Martin Buber

9. **Assertion (A)** : A vedantic teacher may not mind consuming material goods.

Reason (R) : Maya is deceptive and hence cannot be relied upon.

Which of the following option is correct.

(1) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct reason
(2) Both **(A)** and **(R)** are true **and** **(R)** is the correct reason
(3) Both **(A)** and **(R)** are not true
(4) **(R)** is true but cannot be the reason for **(A)**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

6. व्यावहारिक अभिविन्यास वाला शिक्षक निम्नलिखित में से किस पर विश्वास करते हुए झिझकेगा?

(1) अंतरात्मा की आवाज (2) दैनंदिन व्यवहार

(3) अनुभूत आवश्यकताएँ (4) अंतिम परिणाम

7. निम्नलिखित में से कौनसा शिक्षा के यथार्थवादी संप्रदाय के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं होगा ?

(1) विशेषक बच्चे को वंशानुक्रम में प्राप्त होते हैं।

(2) अधिगम एक व्यवहारपरक घटना है।

(3) शिक्षक का प्रोत्साहन अधिगमकर्ता के विकास में सहायक होता है।

(4) अधिगमकर्ता को उसकी अपनी नियति पर छोड़ना होता है।

8. अस्तित्ववादी विचारकों की निम्न सूची में ईश्वर की धारणा को किसके द्वारा स्वीकार किया गया था?

(1) कीर्कगार्ड (2) सार्त्र (3) कार्ल जैस्पर्स (4) मार्टिन ब्यूबर

9. **अभिकथन (A)** : वेदांती शिक्षक को भौतिक वस्तुओं के उपयोग से ऐतराज नहीं होगा।

कारण (R) : माया भ्रामक है, इसलिए उस पर विश्वास नहीं किया जा सकता।

निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प सही है?

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं, किन्तु **(R)** सही कारण नहीं है

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं और **(R)** सही कारण है

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य नहीं हैं

(4) **(R)** सत्य है लेकिन वह **(A)** का कारण नहीं हो सकता

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

10. Match the item of **List - I** with that of **List - II** and select the appropriate code.

List - I		**List - II**	
(a)	Gandhiji	(i)	Integral Education
(b)	Tagore	(ii)	Naturalistic Education
(c)	Aurobindo	(iii)	Negative Education
(d)	Vivekananda	(iv)	Basic Education
		(v)	Man Making Education
		(vi)	Instinctive Education

Which sequence is correct ?

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(iii)	(vi)	(ii)	(v)
(2)	(iv)	(ii)	(iii)	(v)
(3)	(iv)	(ii)	(i)	(v)
(4)	(v)	(vi)	(i)	(iii)

11. The modern sociologist is more concerned with :

(1) Study of the social development of man and institutions

(2) Study of the impact of science and industrial revolution on social and economic conditions

(3) Study of social life of its members

(4) Study of the contemporary societies and the current problems

12. Which of the following Article of Constitution of India is related to prohibition of Discrimination on grounds of religion, race, caste, sex or place of birth ?

(1) Article 14 (2) Article 15 (3) Article 16 (4) Article 21

10. **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित कीजिए तथा उपयुक्त कोड (कूट) चुनिए।

	सूची - I		**सूची - II**
(a)	गाँधीजी	(i)	अनिवार्य शिक्षा
(b)	टैगोर	(ii)	प्रकृतवादी शिक्षा
(c)	अरबिंदो	(iii)	नकारात्मक शिक्षा
(d)	विवेकानंद	(iv)	प्राथमिक शिक्षा
		(v)	मानव-निर्मात्री शिक्षा
		(vi)	नैसर्गिक शिक्षा

कौनसा अनुक्रम सही है ?

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(iii)	(vi)	(ii)	(v)
(2)	(iv)	(ii)	(iii)	(v)
(3)	(iv)	(ii)	(i)	(v)
(4)	(v)	(vi)	(i)	(iii)

11. आधुनिक समाजशास्त्री अपेक्षाकृत अधिक संबंधित है :

(1) मनुष्य और संस्थाओं के सामाजिक विकास का अध्ययन

(2) सामाजिक और आर्थिक स्थितियों पर विज्ञान और औद्योगिक क्रांति के प्रभाव का अध्ययन

(3) इसके सदस्यों के सामाजिक जीवन का अध्ययन

(4) समकालीन समाजों और वर्तमान समस्याओं का अध्ययन

12. निम्नलिखित में से भारत के संविधान के किस अनुच्छेद में धर्म, जाति, नस्ल, लिंग और जन्मस्थान के भेदभाव निषेध का संबंध है ?

(1) अनुच्छेद 14 (2) अनुच्छेद 15 (3) अनुच्छेद 16 (4) अनुच्छेद 21

www.prepp.in

13. Education as a 'Fundamental Duty' of parents and guardians was inserted in Article 51(A) of Constitution of India by :

(1) 44^{th} Amendment
(2) 86^{th} Amendment
(3) 74^{th} Amendment
(4) 42^{nd} Amendment

14. The Mahila Samakhya Programme was launched in :

(1) 1986 (2) 1987 (3) 1988 (4) 1989

15. Which of the following is considered as society's main resource for social experimentation ?

(1) Family (2) School (3) Mass-Media (4) State

16. Most appropriate example of social stratification is :

(1) People with different status living in an area
(2) Society divided into different status
(3) A separate colony with only class IV government employees
(4) A society consisting of upper and lower class

17. Acculturation is the process of :

(1) Developing qualities affecting the culture of the nation
(2) Accepting the innovation required for the development of national culture
(3) Getting influenced by the cultural imperatives of the nation
(4) Following the latest trends of a culture opposed to traditions

www.prepp.in

13. भारत के संविधान के अनुच्छेद 51(A) में शिक्षा को माता-पिता और अभिभावकों के मौलिक कर्त्तव्य के रूप में किसके द्वारा सम्मिलित किया गया ?

(1) 44 वाँ संशोधन (2) 86 वाँ संशोधन

(3) 74 वाँ संशोधन (4) 42 वाँ संशोधन

14. महिला समाख्या कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ :

(1) 1986 (2) 1987 (3) 1988 (4) 1989

15. निम्नलिखित में से समाज के मुख्य संसाधन के रूप में किसे सामाजिक प्रयोग के लिए उपयुक्त माना गया ?

(1) परिवार (2) विद्यालय (3) जन संचार माध्यम (4) राज्य

16. सामाजिक स्तरण का सर्व उपयुक्त उदाहरण है :

(1) एक क्षेत्र में भिन्न व्यक्तियों का जीवन स्तर

(2) भिन्न स्तरों में समाज का विभाजन

(3) चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारियों का अलग बस्ती में रहना

(4) उच्च और निम्न वर्गों का समाज में अस्तित्व

17. संस्कृति संक्रमण एक प्रक्रिया है जिसमें :

(1) राष्ट्र की संस्कृति पर विकसित गुणों का प्रभाव

(2) राष्ट्रीय संस्कृति के विकास के लिए नवीकरण को ग्रहण करने की आवश्यकता

(3) देश की सांस्कृतिक अनिवार्यताओं से प्रभावित होना

(4) परम्परा के विरोध में आधुनिकतम रूझानों का संस्कृति में अनुकरण

www.prepp.in

18. Match the following and select the appropriate code.

	List - I		List - II
(a)	National Commission Women Act	(i)	1993
(b)	National Commission Backward Classes Act	(ii)	1995
(c)	Right to Information Act	(iii)	1990
(d)	Persons with Disabilities (Equal Opportunities, Protection of Rights and Full Participation) Act	(iv)	2005
		(v)	2004

Codes :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(1)	(iv)	(iii)	(v)	(ii)
(2)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)
(3)	(iii)	(i)	(iv)	(ii)
(4)	(ii)	(iv)	(i)	(iii)

19. Which of the following is considered as a constraint on social change in India ?

(1) Industrialization
(2) Science and Technology
(3) Politics
(4) Regionalism

20. KGBV has to be established :

(1) In Educationally backward blocks
(2) Where female rural literacy is below the national average
(3) Where gender gap in literacy is above the national average
(4) In rural remote areas only

Prepp Your Personal Exams Guide

18. निम्नलिखित का मिलान कीजिए और उपयुक्त कूट का चयन कीजिए।

	सूची - I		**सूची - II**
(a)	'नेशनल कमीशन वीमेन ऐक्ट'	(i)	1993
(b)	'नेशनल कमीशन बैकवर्ड क्लासज़ ऐक्ट'	(ii)	1995
(c)	सूचना का अधिकार अधिनियम	(iii)	1990
(d)	'पर्सन्स विद डिसेबिलिटीज़ (इक्वल अपर्च्यूनिटीज़ प्रोटैक्शन ऑफ राइट्स एण्ड फुल पार्टीसिपेशन) ऐक्ट'	(iv)	2005
		(v)	2004

कूट :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(iv)	(iii)	(v)	(ii)
(2)	(i)	(ii)	(iv)	(iii)
(3)	(iii)	(i)	(iv)	(ii)
(4)	(ii)	(iv)	(i)	(iii)

19. भारत में सामाजिक परिवर्तन में निम्नलिखित में से अवरोधक समझा गया है ?

(1) उद्योगीकरण (2) विज्ञान और तकनीक (3) राजनीति (4) क्षेत्रीयता

20. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की स्थापना की जाएगी :

(1) शैक्षिक रूप से पिछड़े प्रखंडों में

(2) जहाँ राष्ट्रीय औसत से कम ग्रामीण स्त्री साक्षरता है

(3) जहाँ जैंडर अंतराल राष्ट्रीय औसत से ऊपर है

(4) केवल दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

21. Educational psychology as a subject implies :

(1) Integration of knowledge of psychology to education

(2) Educational knowledge

(3) Knowledge of education applied to psychology

(4) Knowledge of education applied to human behavior

22. In view of Piaget the stage of development from the age 7 to 12 years is called :

(1) Sensory motor (2) Preoperational

(3) Concrete operational (4) Formal operational

23. Which one of the following will be most correct order in the development of theory of intelligence ?

(a) Spearman's two factor theory

(b) Burt's group factor theory

(c) Goleman's Emotional intelligence theory

(d) Guilford's structure of intellect

Codes :

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (a), (b), (d), (c)

(3) (c), (a), (b), (d) (4) (b), (a), (c), (d)

24. Thorndike's Law of effect in learning anticipated which of the following paradigm ?

(1) Pavlovian conditioning (2) Operant conditioning

(3) Contiguous conditioning (4) Insight learning

25. In which of the following operant conditioning procedure the learner is able to avoid an aversive stimulus in the absence of a cue ?

(1) Active avoidance training (2) Discriminated punishment training

(3) Punishment training (4) Escape training

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

21. एक विषय के रूप में शिक्षा मनोविज्ञान से तात्पर्य है :

(1) मनोविज्ञान की जानकारी का शिक्षा में समन्वय

(2) शैक्षिक ज्ञान

(3) शिक्षा विषयक ज्ञान का मनोविज्ञान में अनुप्रयोग

(4) शिक्षा सम्बन्धी ज्ञान का मानवीय व्यवहार में अनुप्रयोग

22. पियाजे की दृष्टि में वय वर्ग 7 से 12 वर्ष को विकास की अवस्था को कहा जाता है :

(1) संवेदी प्रेरक (2) पूर्व संक्रियात्मक

(3) मूर्त संक्रियात्मक (4) रूप संक्रियात्मक

23. बुद्धि-सिद्धान्त के विकास में निम्नांकित में से कौन सा क्रम सर्वाधिक सही है :

(a) स्पीयरमैन का द्विकारक सिद्धान्त (b) बर्ट का समूह कारक सिद्धान्त

(c) गोलमैन की भावात्मक प्रज्ञा का सिद्धान्त (d) गिलफोर्ड की बुद्धि संरचना

कूट :

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (a), (b), (d), (c)

(3) (c), (a), (b), (d) (4) (b), (a), (c), (d)

24. थार्नडाइक के अधिगम में प्रभाव के नियम ने निम्नांकित में से किस प्रतिमान को प्रत्याक्षित किया ?

(1) पावलोवियन अनुबन्धन (2) क्रियाप्रसूत अनुबन्धन

(3) सामीप्य अनुबन्धन (4) अन्तर्दृष्टियुक्त अधिगम

25. निम्नलिखित में से किस क्रियाप्रसूत अनुबंधन-पद्धति में अधिगमकर्ता किसी प्रबलन-संकेत के बिना कष्टवर्ती (अपवर्ती) उद्दीपक से बचाव कर सकता है ?

(1) सक्रिय बचाव प्रशिक्षण (2) विभेदित दंड प्रशिक्षण

(3) दंड प्रशिक्षण (4) पलायन प्रशिक्षण

Prepp
Your Personal Exams Guide

26. In the learning system of Hull which one of the following was considered as input variable ?

(1) SHR (Habit Strength) (2) Drive

(3) Incentive motivation (4) Number of prior reinforcements

27. In which of the following schedule of reinforcement research evidence suggests that acquisition of response is relatively quick ?

(1) Fixed interval intermittent schedule

(2) Continuous schedule

(3) Variable ratio schedule

(4) Fixed ratio schedule

28. Which of the following may be considered to belong to the category of content theory of motivation ?

(1) Victor rhoom's expectancy theory

(2) Skinner's reinforcement theory

(3) Maslow's hierarchy of needs

(4) Indian Purusharth Chatushataya

29. In Freud's psycho-analytic concept of personality which one of the following is indicative of psychic-energy ?

(1) Ego (2) Id

(3) Superego (4) Conscious level of psyche

30. Defence mechanisms are used to protect the person's :

(1) 'Ego' consciously (2) 'Id' unconsciously

(3) 'Superego' unconsciously (4) 'Ego' unconsciously

31. Who in the following list proposed the concept of the 'Anima' and the 'Animus' in explaining the concept of personality ?

(1) Freud (2) Jung (3) Adler (4) Eric Fromm

Prepp
Your Personal Exams Guide

26. हल की अधिगम-प्रणाली के अन्तर्गत निम्नांकित में किसे आगत चर माना गया था ?

(1) SHR - आदत बल
(2) अन्तर्नोद
(3) प्रेरक अभिप्रेरण
(4) पूर्व-प्रबलनों की संख्या

27. शोध-साक्ष्य के अनुसार प्रबलन की अधोलिखित अनुसूची में किसके अन्तर्गत अनुक्रिया-अर्जन अपेक्षाकृत क्षिप्र होता है ?

(1) नियत अन्तराल सविराम अनुसूची
(2) अविराम अनुसूची
(3) परिवर्ती अनुपात अनुसूची
(4) नियत अनुपात अनुसूची

28. निम्नांकित में से किसे अभिप्रेरणा की 'अन्तर्वस्तु' सिद्धान्त संवर्ग से जोड़ा जा सकता है ?

(1) विक्टर रूम का प्रत्याशा सिद्धान्त
(2) स्किनर का प्रबलन सिद्धान्त
(3) मासलो का आवश्यकता-ह्रासन सिद्धान्त
(4) भारतीय पुरुषार्थ चतुष्टय

29. फ्रायड की व्यक्तित्व सम्बन्धी मनोविश्लेषणवादी धारणा के अनुसार निम्नांकित में से कौन सा मनो-ऊर्जा का संसूचक है ?

(1) अहम्
(2) इदम्
(3) पराहम्
(4) मन का चेतन स्तर

30. व्यक्ति के किस पक्ष के बचाव हेतु रक्षा-युक्तियाँ प्रयुक्त होती हैं ?

(1) चेतन रूप में 'अहम्' के लिए
(2) अचेतन रूप में 'इदम्' के लिए
(3) अचेतन रूप में 'पराहम्' के लिए
(4) अचेतन रूप में 'अहम्' के लिए

31. व्यक्तित्व की व्याख्या हेतु अधोलिखित सूची में किसने 'अन्तर्नारी' एवं 'अंतर्नर' की अवधारणा को प्रस्तावित किया ?

(1) फ्रायड
(2) जुंग
(3) एडलर
(4) एरिक फ्रॉम

www.prepp.in

32. Which of the personality traits may be taken as explanatory principles ?

(1) Surface traits (2) Source traits (3) Secondary traits (4) Central traits

33. Adjustment process begins with :

(1) Tension (2) Tension release (3) Effort (4) Needs

34. 'Wellness life style' depends on the person's :

(1) Affluence and adequacy (2) Means and their availability

(3) Values and the attitudes (4) Doing something to get something

35. In Gagne's hierarchy which one of the following will not be included in concept learning ?

(1) Signal learning (2) Rule learning

(3) Discrimination learning (4) Chain learning

36. A systematic, objective and deliberate effort at answering meaningful questions pertaining to a field of enquiry or about phenomena is called :

(1) Problem solving (2) Research

(3) Theorizing (4) Invention

37. Which one is not a valid argument for conducting research in education ?

(1) For advancement of educational theory

(2) For improvement of educational practices

(3) For improving social awareness of teachers

(4) For developing sound educational policies

32. व्यक्तित्व के किन विशेषकों को व्याख्यात्मक सिद्धान्त के रूप में लिया जा सकता है ?

(1) पृष्ठविशेषक (2) मूल विशेषक (3) गौण विशेषक (4) केन्द्रवर्ती विशेषक

33. समंजन प्रक्रिया का प्रारम्भ होता है :

(1) तनाव से (2) तनाव निर्मोचन से (3) प्रयास से (4) आवश्यकताओं से

34. ''सुस्थित जीवन शैली'' निर्भर होती है, व्यक्ति की :

(1) सम्पन्नता एवं पर्याप्तता पर (2) साधन एवं उनकी उपलब्धता पर

(3) मूल्य एवं अभिवृत्तियों पर (4) कुछ पाने के लिए कुछ करने पर

35. गैने की अधिक्रमता में निम्नांकित में से किसे सम्प्रत्यय अधिगम के अन्तर्गत नहीं शामिल किया जाएगा ?

(1) संकेत अधिगम (2) नियम अधिगम (3) विभेदन अधिगम (4) शृंखला अधिगम

36. निम्नलिखित से किस ज्ञान-क्षेत्र के संबंध में अथवा किन घटनाओं के बारे में सार्थक प्रश्नों का उत्तर देने के लिए एक व्यवस्थित, वस्तुनिष्ठ और सुविचारित कोशिश कहलाती है :

(1) समस्या-समाधान (2) शोध (रिसर्च) (3) सिद्धांतीकरण (4) आविष्कार

37. शिक्षा के क्षेत्र में शोध करने के लिए निम्नलिखित में से कौनसा प्रामाणिक तर्क नहीं है ?

(1) शिक्षा-सिद्धांत के विकास के लिए

(2) शैक्षिक व्यवहार में सुधार के लिए

(3) शिक्षकों की सामाजिक जागरूकता में सुधार के लिए

(4) ठोस शैक्षिक नीतियों के विकास के लिए

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

38. Which type of research aims at explanation of the status and conditions exist at present ?

(1) Applied research
(2) Analytical research
(3) Descriptive research
(4) Fundamental research

39. A teacher is studying the impact of his personal association with students on students' discipline in his/her class. This type of research may be called :

(1) fundamental and action research
(2) action and applied research
(3) descriptive and fundamental research
(4) analytical and action research

40. In a study the effect of peer learning is being studied in relation to students' achievement and motivation. What type of research label will be acceptable for this study ?

(1) Fundamental research
(2) Evaluative research
(3) Applied research
(4) Descriptive research

41. The process by which indicators of a variable are made observable and measurable is called :

(1) defining the variable
(2) operationalizing the variable
(3) describing the variable
(4) delineating the variable

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

38. अनुसंधान के किस प्रकार में ऐसी दशाओं और स्थितियों की व्याख्या का लक्ष्य रहता है जो वर्तमान में मौजूद हैं ?

(1) अनुप्रयुक्त अनुसंधान (2) विश्लेषणात्मक अनुसंधान

(3) विवरणात्मक अनुसंधान (4) मूलभूत अनुसंधान

39. कोई शिक्षक अपनी कक्षा में छात्रों के साथ अपने वैयक्तिक साहचर्य का उनके अनुशासन पर पड़नेवाले प्रभाव का अध्ययन कर रहा है। इस प्रकार के शोधकार्य को कहा जा सकता है :

(1) मौलिक एवं क्रियात्मक अनुसंधान

(2) क्रियात्मक एवं अनुप्रयुक्त अनुसंधान

(3) वर्णनात्मक एवं मौलिक अनुसंधान

(4) विश्लेषणात्मक एवं क्रियात्मक अनुसंधान

40. किसी अध्ययन में छात्रों की उपलब्धि एवं अभिप्रेरणा के संदर्भ में समवर्गी अधिगम का अध्ययन किया जा रहा है। इस अध्ययन के लिए शोध-प्रकार का कौनसा नाम स्वीकार्य होगा ?

(1) मौलिक अनुसंधान (2) मूल्यांकनपरक अनुसंधान

(3) अनुप्रयुक्त अनुसंधान (4) विवरणात्मक अनुसंधान

41. जिस प्रक्रिया से किसी चर के सूचक इंद्रियगोचर और मापन-योग्य हो जाते हैं वह कहलाती है :

(1) चर को परिभाषित करना (2) चर का परिचालन करना

(3) चर का विवरण देना (4) चर का चित्रण करना

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

42. Match the statements given in **List - A** with the statements given in **List - B** and give the answer by selecting the appropriate code.

List - A		**List - B**	
(a)	Analysis of historical records	(i)	Collection of data for indepth study in a vertical or horizontal or both manner
(b)	Non participant observation	(ii)	Uses open - ended and closed questions
(c)	Participant observation	(iii)	Recording notes from documents, listining to tapes and watching available films etc.
(d)	Case study	(iv)	Observation scales, use of score cards etc.
		(v)	Interaction, formal and informal, possible use of tape and video recording

Codes :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(i)	(iii)	(v)	(iv)
(2)	(iii)	(iv)	(v)	(ii)
(3)	(ii)	(iv)	(iii)	(v)
(4)	(iii)	(iv)	(v)	(i)

43. A well defined aggregate from which a researcher selects some representative units for study purpose is called ________.

(1) sample
(2) universe
(3) population
(4) representative portion

44. For conducting a study to understand the social customs in a tribal society, which of the following technique will be most appropriate ?

(1) Interview
(2) Participant observation
(3) Self reporting
(4) Testing

www.prepp.in

42. **सूची - A** में दिए गए कथनों का **सूची - B** के कथनों से सुमेलित कीजिए और दिए गए कूटों से उचित कूट का चयन करके उत्तर दीजिए।

सूची - A		**सूची - B**	
(a)	ऐतिहासिक दस्तावेजों का विश्लेषण	(i)	गहन अध्ययन के लिए रेखीय या क्षैतिज अथवा दोनों विधियों से आँकड़ों (डेटा) का संग्रह
(b)	अप्रतिभागी प्रेक्षण	(ii)	प्रयोक्ता की दृष्टि से मुक्त और बद्ध प्रश्न
(c)	प्रतिभागी प्रेक्षण	(iii)	दस्तावेजों से नोट लेना, टेप सुनना और उपलब्ध फिल्मों को देखना
(d)	व्यष्टि अध्ययन	(iv)	अवलोकन स्तर एवं स्कोर कार्ड का प्रयोग आदि
		(v)	औपचारिक तथा अनौपचारिक वार्तालाप, टेप का यथासंभव उपयोग और वीडियो रिकॉर्डिंग

कूट :

	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**
(1)	(i)	(iii)	(v)	(iv)
(2)	(iii)	(iv)	(v)	(ii)
(3)	(ii)	(iv)	(iii)	(v)
(4)	(iii)	(iv)	(v)	(i)

43. जिस सुपरिभाषित समुच्चय से कोई शोधकर्ता अध्ययन के लिए जो प्रतिनिधि इकाइयाँ चुनता है वह (समुच्चय) कहलाता है :

(1) नमूना (2) समष्टि (3) जनसंख्या (4) प्रतिनिधि भाग

44. किसी जनजातीय समाज के सामाजिक रीति-रिवाजों को समझने के लिए अध्ययन की निम्नांकित में से कौनसी तकनीक सबसे उपयुक्त होगी ?

(1) साक्षात्कार (2) प्रतिभागी प्रेक्षण (3) स्व-रिपोर्ट देना (4) परीक्षण

Prepp
Your Personal Exams Guide

45. **Assertion (A)** : Raising the level of significance increases the possibility of commiting type II error

Reason (R) : Higher level of significance increases the probability of rejecting the true hypothesis

In the context of the two statements as above which one of the following is correct ?

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(3) **(A)** is true but **(R)** is false

(4) **(A)** is false but **(R)** is true

46. For conducting a large survey to know the opinion of teachers regarding higher secondary education, which tool will be most appropriate ?

(1) Interview (2) Questionnaire

(3) Observation (4) Projective technique

47. In order to ensure that the impact on dependent variable is only due to independent variable, which of the following methods will be more appropriate ?

(1) Descriptive method (2) Experimental method

(3) Field study (4) Ex-post facto research

48. Which measure of central tendency will be better for a sample of 5 students whose scores are as 44, 45, 46, 47 and 100.

(1) Mean (2) Median (3) Mode (4) Mean and Mode

49. In a positive correlation, the increase in x (one variable) is followed by ________.

(1) decrease in y (2) increase in y

(3) neither increase nor decrease (4) decrease/increase in y is by chance

50. If there is true dichotomy present in two variables, which of the following correlational technique will be suitable ?

(1) Point biserial correlation (2) Biserial correlation

(3) Product moment correlation (4) Rank difference correlation

- o 0 o -

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

45. **अभिकथन (A)** : सार्थकता के स्तर में अभिवृद्धि प्रकार-II त्रुटि की संभावना बढ़ जाती है।

कारण (R) : सार्थकता के उच्च स्तर से सही परिकल्पना के अस्वीकरण की संभावना बढ़ जाती है।

ऊपर के कथनों के संदर्भ में निम्नांकित में से कौनसा सही है ?

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं और **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं और **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) **(A)** सत्य है लेकिन **(R)** असत्य।

(4) **(A)** असत्य है लेकिन **(R)** सत्य।

46. उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के बारे में शिक्षकों की राय जानने के लिए किए जाने वाले सर्वेक्षण में निम्नलिखित में से कौनसा उपकरण सबसे उपयुक्त होगा ?

(1) साक्षात्कार (2) प्रश्नावली (3) प्रेक्षण (4) प्रक्षेपीय तकनीक

47. आश्रित चर पर प्रभाव केवल निराश्रित चर की वजह से होता है, इसे सुनिश्चित करने के लिए निम्नांकित में से कौनसी पद्धति ज्यादा उपयुक्त होगी ?

(1) विवरणात्मक पद्धति (2) प्रयोगात्मक पद्धति (3) क्षेत्र-अध्ययन (4) कार्योत्तर शोध

48. केंद्रीय प्रवृत्ति का कौनसा माप ऐसे 5 छात्रों के प्रतिदर्श के लिए बेहतर होगा जिनके अंक है :

44, 45, 46, 47 और 100.

(1) मध्यमान (2) मध्यांकमान (3) बहुलांकमान (4) मध्यमान और बहुलांकमान

49. सकारात्मक सहसंबंध में, x (एक चर) में वृद्धि अनुगमित होती है :

(1) y में ह्रास से (2) y में वृद्धि से

(3) न वृद्धि, न ह्रास (4) y में ह्रास/वृद्धि संयोगवश

50. दो चरों में यदि सही द्वित्व मौजूद हो तो निम्नलिखित में से कौनसी सहसंबंधिता तकनीक उपयुक्त होगी ?

(1) बिंदु द्विक्रमिक सहसंबंध (2) द्विक्रमिक सहसंबंध

(3) गुणन आघूर्ण सहसंबंध (4) अनुस्थिति अंतर सहसंबंध

- o 0 o -

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

Space For Rough Work

Prepp
Your Personal Exam Guide